1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल वाले उत्तर को चुनिए- (1x10=10)

स्वभाषा व संस्कृति से राष्ट्र का उत्थान होता है। हर विकसित देश में वहां के राष्ट्र व राजभाषा ही शिक्षा का माध्यम होती है। विदेशी भाषा चाहे कितनी समृद्ध क्यों ना हो उस में परायेपन की गंध आती है इसलिए बालक को उसी की भाषा में ज्ञान विज्ञान की शिक्षा दी जाती है।हमारे देश में भी अनेक बार कई शिक्षाविदों ने मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की सलाह दी है क्योंकि मातृभाषा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा बालक किसी भी चीज का ज्ञान ग्रहण करने में समर्थ होता है। मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जो मानव को पैतृक विरासत के रूप में प्राप्त होती है।भारत की राजभाषा हिंदी की सुदृढ़ होते हुए भी लोगों का रुझान अंग्रेजी भाषा की ओर है।

I. हर विकसित देश में शिक्षा का माध्यम होता है-

*अंतर्राष्ट्रीय भाषा

*राष्ट्रभाषा एवं राज भाषा(correct answer)

*प्रांतीय भाषा

*लोगों की पसंद की भाषा

II. राष्ट्र का उत्थान किस पर निर्भर है?

*राष्ट्र की जनसंख्या वृद्धि पर

*स्वभाषा एवं स्वसंस्कृति पर (correct answer)

*शिक्षा के स्वरूप पर

*लोगो की मानसिक सोच पर

III. विदेशी भाषा का स्वरूप कैसा होता है?

*पराये पन का रूप लिए(correct answer)

*लोगों की मनचाही भाषा

*सहज और सरल

*इनमें से कोई नहीं

IV. क्या भारत में शिक्षा का माध्यम भारत की राष्ट्रभाषा है?

*हां पूर्णतया है

*कई प्रांतों में नहीं है

*वास्तव में बोलचाल की भाषा को महत्व दिया जाता है

*नहीं ,लोगों का रुझान अंग्रेजी भाषा की ओर अधिक है(correct answer)

V. मात्री भाषा की क्या विशेषता होती है?

*यह भाषा मनुष्य को पैतृक विरासत के रूप में प्राप्त होती है (correct answer)

*इसमें लोग अधिक से अधिक विचार प्रस्तुति कर सकते हैं

*मातृ भाषा में अपनेपन का एहसास होता है

*उपर्युक्त सभी विकल्प सही है

VI. गद्यांश के अनुसार किस भाषा को पढ़ाई का माध्यम बनाने की सलाह शिक्षाविदों ने दी है?

*राष्ट्रभाषा को

*अंतर्राष्ट्रीय भाषा को

*प्रांतीय भाषा को

*मातृभाषा को(correct answer)

VII. मातृ भाषा में कौन सी शक्ति होती है?

*बालक किसी भी चीज का ज्ञान ग्रहण करने में समर्थ होता है(correct answer)

*मातृभाषा सभी भाषाओं में कठिन होती है

*मातृभाषा सभी भाषाओं में आसान होती है

*मातृभाषा के कारण हम खुद को शक्तिशाली महसूस करते हैं।

VIII. भारत में सबसे अधिक सुदृढ़ भाषा कौन सी है?

*राजभाषा (correct answer)

*अंतर्राष्ट्रीय भाषा

*प्रांतीय भाषा

*सभी विदेशी भाषाएं

IX. भारत में अधिक लोगों का रुझान किस भाषा की ओर है?

*अंतर्राष्ट्रीय भाषा(correct answer)

*राष्ट्रभाषा

*प्रांतीय भाषा

*मातृ भाषा

X. “पराया” शब्द का विलोम शब्द बताइए-

*तुम्हारा

*उसका

*अपना(correct answer)

*इनमें से कोई नहीं।